(ख) क्या उक्त दोनों रेलवे फाटक रेलवे स्टेशन के पास डिस्टेंट सिगनलों के अन्दर पड़ते हैं;

(ग) क्या सड़क पर चलने वाले यात्रियों और गाड़ियों को इन दोनों रेलवे फाटकों पर रेलवे यातायात तथा शंटिंग के कारण बहुत देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है ;

(घ) क्या ऊपर बताई गई कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इन फाटकों पर पुल बनाने का सरकार का विचार है ; और

(ङ) यदि हां, तो कब?

रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) जी हां ।

(घ) और (ङ). इटारसी-झांसी खण्ड पर वर्तमान समपार की जगह एक ऊपरी सड़क-पुल बनाने के प्रस्ताव की पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है । जब राज्य सरकार सड़क का अस्थायी रूप से मार्ग-परिवर्तन कर देगी तो रेल-प्रशासन द्वारा खास पुल पर निर्माण-कार्य शुरू कर दिया जायेगा ।

इटारसी-जबलपुर खण्ड पर शहर के दूसरे समपार की जगह ऊपरी सड़क पुल बनाने के सम्बध में अभी तक राज्य सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है ।

इटारसी–जबलपुर सेक्शन पर रेलगाड़ियों का चलना

754. श्री नीति राज सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के इटारसी-जबलपुर सेक्शन पर एक अप, एक डाउन और एक डाकगाड़ी को छोड़ कर सभी यात्री गाड़ियां प्रति दिन केवल रात के समय ही चलती हैं;

(ख) क्या सरकार यह महसूस करती है कि रात के समय गाड़ियां चलने के कारण इस क्षेत्र के यात्रियों को असुविधा होती है; और

(ग) यदि हां, तो यात्रियों को होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) : (क) से (ग). इस समय जबलपुर-इटारसी खण्ड पर छः जोड़ी गाड़ियां उपलब्ध हैं, जिनमें हफ्ते में दो बार चलने वाली 41/42 जनता एक्सप्रेस भी शामिल हैं । इन में से तीन, अर्थात 389 सवारी गाड़ी, इलाहाबाद के रास्ते चलने वाली 7 बम्बई-कलकत्ता डाकगाड़ी और हफ्ते में दो बार चलने वाली 41 जनता एक्सप्रेस, ऐसी गाड़ियां हैं, जो इटारसी से जबलपुर के बीच दिन के समय चलती हैं । इसी तरह वापसी यात्रा के लिए दिन में दो गाड़ियां अर्थात 390 सवारी गाड़ी और हफ्ते में दो बार चलने वाली 42 जनता एक्सप्रेस गाड़ी उपलब्ध हैं । इटारसी-जबलपुर खण्ड पर एक अतिरिक्त गाड़ी चलाने के सवाल पर रेल प्रशासन पहले से ही विचार कर रहा हैं और ज्योंही लाइन क्षमता और सवारी डिब्बों के रूप में साधन उपलब्ध होने लगेंगे, ऐसी कार्रवाई की जायेगी जो परिचालन की दृष्टि से व्यावहारिक और उचित होगी ।

इटारसी–जबलपुर सेक्शन के स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर शेड

755. श्री नीति राज सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे के इटारसी-जबलपुर सेक्शन के कुछ स्टेशनों के बीच दोहरी रेलवे लाइन की व्यवस्था की गई है;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप अप और डाउन रेलगाड़ियां अलग अलग प्लेटफार्मों पर रुकती हैं ;